www.vitalbiotech.org/krishipravahika/

e-ISSN: 2583 – 0430

कृषि-प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका, (2022) वर्ष 2, अंक 5, 5-6

Article ID: 185

स्वरोजगार बना जीवन का आधार

भावना शर्मा[1], डॉ. गोपीचन्द सिंह[2] एवं डॉ. हरि राम चौधरी[3]

[1]विषय विशेषज्ञ (गृह विज्ञान),
[2]वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष एवं
[3]विषय विशेषज्ञ (सस्य विज्ञान),
कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन, नागौर -प्, प्रसार शिक्षा निदेशालय (कृषि विश्विधालय-जोधपुर)

नाम: पाना देवी
पति का नाम: रामचन्द
आयु: 52 वर्ष
शिक्षा: साक्षर
पता: झाड़ेली, नागौर (राजस्थान)

परिस्थिति विश्लेषण: पाना देवी उम्र 52 साल ग्राम झाड़ेली तहसील जायल जिला नागौर की रहने वाली है पाना देवी का परिवार अनूसूचित जाति से है परिवार में पति श्री रामचन्द्र एवं एक बेटा शिवराज जो दिव्यांग है तीन पोते पोती वाला परिवार है पानकी एक श्रमिक वर्ग से जूड़ी महिला जिनके पास आजीविका का कोई स्रोत नहीं, जो दिन भर गांव में काम कर अपनी आजीविका चलाने का कार्य करती थी। पाना देवी के पास 5 बीघा असिचिंत जमीन है असिचिंत होने के कारण कोई विशेष आमदनी नहीं होती थी।

तकनीकी हस्तक्षेप: कृषि विज्ञान केन्द्र के साथ जूड़कर पोषण वाटिका, स्वरोजगार, खेती एवं पशूपालन से सम्बधित प्रशिक्षणों में भाग लिया जिससे प्रशिक्षण के साथ उत्साहबर्धन हुआ। इसके परिणाम स्वरूप पानकी ने अपना विकास का रास्ता चुन लिया।

सफलता का विवरण: इस दौरान पाना देवी ने आजीविका को संवर्धन करने के लिए प्रयास शुरू किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों की सलाह से पाना देवी ने दो बकरियाँ खरीदी जिससे बकरी पालन को आमदनी का स्रोत बनने लगा बकरियों की संख्या बढने लगी। आज वर्तमान में उनके पास 12 बकरियां पालते है जिससे आमदनी होती है। संस्थान ने आजीविका सुधार के लिए प्रयास निरंतर जारी रखा इसी प्रयास में पाना देवी ने छोटी सी परचून की दूकान शुरू की एवं इसका सफल संचालन किया। आज दुकान से प्रति माह 5 से 6 हजार प्रति माह की आय होती है। अब तो पाना देवी का कहना है कि परिवार में खेती, दुकान व बकरी से आय होने लगी है इस होने वाली आय से परिवार की आजीविका चला रही हूं। इस के अलावा वे पोषण वाटिका लगाकर सब्जियों पर होने वाले खर्च को भी बचा लेती हैं।

आमदनी

क्र.सं.	गतिविधि/उद्यम	कुल लागत (रूपये)	कुल आमदनी (रूपये)	शुद्ध लाभ (रूपये)
1.	12 बकरियां	22000	118000	96000
2.	मूंग (0.8 हेक्टर)	20100	53250	33150
3.	दुकान	30000	90000	60000
कुल		72100	261250	189150

सफलता का असर: पाना देवी कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशिक्षणों एवं खेती-बाड़ी में सक्रिय होने के कारण अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वह आस-पास की अन्य किसान एवं किसान महिलाओं को खेती-बाड़ी से संबंधित सलाह देती है।

क्षेत्र में योगदान: झाड़ेली ग्राम में पाना देवी स्वयं सहायता समूह की सचिव होने के नाते अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी आय सृजन करने एवं उनके जीवन स्तर को बेहतर करने सहायता कर रही हैं